जन सूचना अधिकार/तत्काल

संख्या: 7 /99 ज0स0अ0/12-2-2013-ज0सू0-52/2013

प्रेषक,

अनिल कुमार,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रबंध निदेशक,
यू0पी0स्टेट एग्रो इण्डस्टियल कारपोरेशन लि0,
लखनऊ।

कृषि अनुभाग-2 लखनऊ दिनांक 05 दिसम्बर, 2013

विषय- जन सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत सूचना उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कार्यालय मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के पृ संख्या- 4911/मु0स0/सू0काअ0अ0/13 दिनांक 27 नवम्बर, 2013 व उसमें संलग्न डा0 रामसिंह पालीवाल, भाजपा भवन, गोपालीपटटी, पत्रालय एदिलपुर, जनपद आजमगढ के पत्र दिनांक 25 नवम्बर, 2013 की प्रतिलिपि (संलग्न) का अवलोकन करने का कष्ट करें।

2. इस सम्बन्ध में सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा-6(3) के अन्तर्गत आवेदक का आवेदन पत्र अन्तरित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया आवेदक को वांछित सूचना समयबद्व रूप से उपलब्ध कराते हुए कृत कार्यवाही से शासन को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक- यथोपरि।

भवदीय,

(अनिल कुमार)
अनु सचिव।

संख्या- (11)/12-2-2013 तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. डा0 रामसिंह पालीवाल, भाजपा भवन, गोपालीपटटी, पत्रालय एदिलपुर, जनपद आजमगढ को स्पीड पोस्ट के माध्यम से उनके उक्त पत्र दिनांक 25 नवम्बर, 2013 के संदर्भ में इस आश्य से प्रेषित कि कृपया अपेक्षित सूचनायें प्रबंध निदेशक, यू0पी0स्टेट एग्रो से प्राप्त करने का कष्ट करें।

2. निजी सचिव एवं जन सूचना अधिकारी, कार्यालय मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन को उनके उक्त संदर्भित पत्र दिनांक 27 नवम्बर, 2013 के संदर्भ में सूचनार्थ प्रेषित।

आज्ञा से,

(अनिल कुमार)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in